कार्यालय-प्राचार्य,शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छ.ग.)

Web site- www.gdcr.asc.in Email: principal@digvijaycollege.com ☎: & Fax 07744-296331

// पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सूचना//

दिनांक 30/11/2023

महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत समस्त ***ST, SC*** एवं ***OBC*** वर्ग के विद्यार्थी **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति** हेतु इस वेबसाईट ***http://postmatric-scholarship.cg.nic.in*** से अपना ऑनलाईन आवेदन करावें। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के पश्चात् अपने आवेदन को लॉक करवा कर समस्त दस्तावेज के साथ समय 11:00 से 2:00 बजे तक छात्रवृत्ति शाखा में जमा करें।

1. ऑनलाईन आवेदन की 01 प्रति।
2. 10वीं, 12वीं एवं पिछली परीक्षा की अंकसूची की छायाप्रति।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. बैंक खाता नंबर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति।
5. आय प्रमाण–पत्र की मूलप्रति। (लोक सेवा केन्द्र)
6. आय सीमा ***ST, SC*** 2.50 लाख एवं ***OBC*** वर्ग 1.00 लाख तक ।
7. प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति।
8. स्थाई जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (लोक सेवा केन्द्र)
9. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (लोक सेवा केन्द्र)

(सभी छायाप्रति दस्तावेजों में स्वप्रमाणित हस्ताक्षर)

समस्त छायाप्रति दस्तावेजों में स्वप्रमाणित हस्ताक्षर के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 30.12.2023 तक निर्धारित किया जाता है । अनिवार्य रूप से समस्त दस्तावेजों सहित उक्त तिथि तक फार्म छात्रवृत्ति शाखा में जमा करें।

टीप– छात्र/छात्राएं ***ST/SC/OBC***/अल्पसंख्यक/केन्द्रीय/दिव्यांगजन/बीड़ी मजदूर /बी.पी.एल. कोई एक छात्रवृत्ति ही प्राप्त होगा । आधार कार्ड,बैंक खाता एवं छात्रवृत्ति फार्म में विद्यार्थी का एक जैसा नाम होना अनिवार्य है,तथा बैंक खाता में आधार सीडिंग ***(Seeding)*** व मोबाईल नंबर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

(डॉ.के.एल.टाण्डेकर)
प्राचार्य
Principal
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
Govt. Digvijay College
राजनांदगांव (छ.ग.)
Rajnandgaon (C.G.)

CamScanner

" अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में। "

//आवश्यक सूचना//

"समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 से ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में कुछ आवश्यक संशोधन किया गया है जिसके अनुसार आधार में पंजीकृत मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी. (OTP) पोर्टल पर दर्ज करने के उपरान्त ही विद्यार्थियों के आवेदन लॉक हो सकेगा।" इस हेतु आवश्यक निर्देश निम्नानुसार है :-

01- विद्यार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे अपने आधार में जो मोबाईल नंबर दिया गया है सही है एवं वही मोबाईल नंबर उपयोग कर रहे है।

02- यदि आधार में मोबाईल नंबर किसी और का है या बंद है तो तत्काल आधार सेंटर में जाकर अपने आधार से वर्तमान में संचालित मोबाईल नंबर को अपडेट करा लें।

03- वर्ष 2023-24 ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल अंतर्गत आवेदन का सत्यापन आधार से किया जाना है इस हेतु मोबाईल नंबर वही दर्ज करें जो आपके आधार से लिंक है, जिससे आपके मोबाईल नंबर पर ओ.टी.पी. (OTP) प्राप्त हो सके। ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर ओ.टी.पी. (OTP) दर्ज करने के उपरान्त ही आवेदन को लॉक किया जा सकेगा।

04- आधार में मोबाईल नंबर को तत्काल अपडेट करा लेवें। ताकि समय में ऑनलाईन आवेदन कर सकें।

05- वर्तमान में वर्ष 2023-24 ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारम्भ नहीं हुआ है। (जल्द ही प्रारम्भ होने वाला है) प्रारम्भ होने की सूचना एवं समय-सीमा प्राप्त होने पर पृथक से सूचित किया जावेगा। तब तक विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अपने आधार में मोबाईल नंबर अपडेट कराने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करें। ताकि किसी भी विद्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन करने में परेशानी न हो।

06- आधार में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं करा पाने एवं ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पाने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार

CamScanner